भारत सरकार

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4751 जिसका उत्तर

शुक्रवार, 28 मार्च, 2025/7 चैत्र, 1947 (शक) को दिया जाना है

मुरगांव पत्तन प्राधिकरण की स्थिति

†4751. कैप्टन विरयाटो फर्नांडीस:

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मुरगांव पत्तन प्राधिकरण में पट्टे पर दी गई/निजी कंपनी द्वारा पट्टे पर ली गई पत्तन क्षमता का प्रतिशतवार कुल कितना है और मैसर्स अडाणी समूह द्वारा प्रबंधित की जा रही क्षमता का ब्यौरा क्या है;

(ख) मुरगांव पत्तन के किरायेदारों और बर्थ अधिभोगियों से प्राप्त राशि का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या मुरगांव पत्तन पर शुल्क/पट्टे की राशि में कोई संशोधन किया गया है अथवा उसमें छूट दी गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) मुरगांव पत्तन की विगत दस वर्षों की बैलेंस शीट और लाभ एंव हानि खाते का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री

(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) और (ख): वर्तमान में, मुरगांव पत्तन प्राधिकरण (एमजीपीए) की कुल क्षमता का 63% निजी कंपनियों को पट्टे पर दिया गया है। इन कंपनियों में, अडाणी समूह द्वारा पत्तन की कुल क्षमता का 22% प्रबंधित किया जा रहा है। 31 मार्च, 2024 की स्थिति के अनुसार, मुरगांव पत्तन प्राधिकरण में टेनन्ट और बर्थ अधिभोगियों से प्राप्त राशि 1,173,524,453/= रुपये है।

(ग): जी हां, संपदा किराए में पिछला संशोधन 17.6.2022 से लागू किया गया था। इसके अतिरिक्त, नए कार्गो को आकर्षित करने और मौजूदा कार्गो को बनाए रखने के लिए मामला-दर-मामला आधार पर छूट/रियायतें दी जाती हैं।

(घ): मुरगांव पत्तन प्राधिकरण का पिछले दस वर्षों का बैलेंस शीट और लाभ एवं हानि लेखा का ब्यौरा **अनुबंध I** और **II** पर है।

अनुबंध-I

मुरगांव पत्तन प्राधिकरण
बैलेंस शीट

(करोड़ रु. में)

वर्ष	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
विवरण	**2014-15**	**2015-16**	**2016-17**	**2017-18**	**2018-19**	**2019-20**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**
I. निधियों के स्रोत										
पूंजी आरक्षित	563.16	561.59	575.09	675.55	719.73	775.49	774.45	768.70	772.69	830.80
राजस्व आरक्षित	34.32	57.05	70.73	73.30	80.29	76.11	79.04	86.26	86.87	84.20
सांविधिक आरक्षित निधि	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
ऋण निधियां	15.00	88.50	87.00	30.00	25.00	20.00	15.00	10.00	0.00	0.00
निधियों के स्रोत	**612.48**	**707.14**	**732.82**	**778.85**	**825.02**	**871.60**	**868.49**	**864.96**	**859.56**	**915.00**
II. निधियों का उपयोग										
अचल/पूंजीगत परिसंपत्तियां	554.06	608.44	570.76	545.83	539.41	538.30	523.30	497.13	478.45	486.61
निवेश	23.25	28.16	88.15	125.85	166.13	172.83	173.14	174.30	178.29	243.41
आस्थगित कर परिसंपत्ति	36.10	278.16	268.72	302.17	328.99	383.82	486.96	486.96	504.65	506.02
चालू परिसंपत्ति	240.92	283.91	302.41	251.42	262.23	308.30	338.94	317.60	342.26	375.30
(-)वर्तमान देनदारियां	-327.36	-1119.61	-1148.52	-1009.63	-1106.98	-1367.75	-1546.08	-1549.14	-1572.32	-1623.03
लाभ-हानि लेखा का शेष	85.51	628.08	651.30	563.21	635.24	836.10	892.23	938.11	928.23	926.69
निधियों का उपयोग	**612.48**	**707.14**	**732.82**	**778.85**	**825.02**	**871.60**	**868.49**	**864.96**	**859.56**	**915.00**

अनुबंध-II

मुरगांव पत्तन प्राधिकरण
लाभ एवं हानि लेखा

(करोड़ रु. में)

वर्ष	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
विवरण	**2014-15**	**2015-16**	**2016-17**	**2017-18**	**2018-19**	**2019-20**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**
प्रचालन आय	286.75	342.85	443.59	425.67	382.68	431.17	446.67	433.39	467.83	566.52
प्रचालन व्यय	246.95	239.23	267.98	273.84	259.73	246.32	251.31	258.84	283.64	300.62
प्रचालन अधिशेष	**39.80**	**103.62**	**175.61**	**151.83**	**122.95**	**184.85**	**195.36**	**174.55**	**184.19**	**265.90**
वित्त और विविध आय	11.83	11.23	25.83	26.61	20.01	22.54	29.03	24.27	18.16	19.35
वित्त और विविध व्यय	85.36	109.16	142.32	176.24	151.01	214.86	222.27	244.69	212.76	299.08
निवल लाभ/(हानि)	**-33.73**	**5.69**	**59.12**	**2.20**	**-8.05**	**-7.47**	**2.12**	**-45.87**	**-10.41**	**-13.83**

****